DAINIK BHASKAR, SURAT
05.10.2021

दैनिक भास्कर
अभी मास्क भी वैक्सीन है™

सेंसेक्स	59,299.32	↑	+533.74
डॉलर	74.31	↑	+0.19
सोना (मुंबई)	42,497	↓	-37

कुल 12 पेज | मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 5 | अंक 157

सूरत, मंगलवार, 5 अक्टूबर, 2021 आश्विन, कृष्ण पक्ष-14, 2078 12 राज्य | 64 संस्करण

आसमान को छूने लगा बुलेट ट्रेन परियोजना का काम

पिलर्स की खासियत

15	183	18
मीटर ऊंचाई	घन मीटर कंक्रीट	मीट्रिक टन इस्पात

नवसारी-सूरत के बीच 30 पिलर्स तैयार

2026 से सूरत-बिलिमोरा के बीच ट्रायल की है तैयारी

सूरत | देश की सबसे महत्वाकांक्षी अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड बुलेट ट्रेन परियोजना का काम अब आसमान छूने लगा है। बुलेट ट्रेन का मार्ग अब साफ-साफ जमीन पर दिखने लगा है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बताया कि बुलेट ट्रेन के करीब 30 पिलर्स तैयार हैं जो कि नवसारी-सूरत के बीच दिखने भी लगे हैं। 508 किमी लंबे इस बुलेट रेल रूट के तहत पैकेज सी-4 के 237 किमी रूट के अंतर्गत वडोदरा से सूरत-वापी के बीच तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। सूरत में 80 पिलर्स फाउंडेशन बनकर तैयार हैं। दिवाली तक सूरत में भी पिलर्स खड़े होने लगेंगे।

- **साल 2026 में सूरत से बिलिमोरा के बीच लगभग 63 किमी रूट पर सबसे पहले ट्रायल होना है। इसी कारण यहां तेजी से काम शुरू है।**